आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :445 पृष्ठ -4 दिनांक 05 अप्रेल 2025 दिन शनिवार

# मनोज कुमार के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

## पीएम मोदी समेत इन नेताओं ने जताया दुख






मशहूर अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार का शुक्रवार तड़के मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. वह 87 वर्ष के थे. मनोज कुमार के पारिवारिक मित्र एवं फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया कि कुमार कुछ समय से बीमार थे और उम्र संबंधी समस्याओं के कारण तड़के करीब साढ़े तीन बजे उनका निधन हो गया. दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित कुमार को श्शहीदश, श्उपकारश और श्पूरब और पश्चिम'' जैसी फिल्मों के लिए जनता का अपार स्नेह मिलासीएम योगी आदित्यनाथ ने मनोज कुमार के निधन पर शोक व्यक्ति किया है. सोशल मीडिया साइट एक्स– महान अभिनेता, प्रख्यात फिल्म निर्देशक, श्पद्म श्रीश मनोज कुमार का निधन अत्यंत दु:खद तथा कला एवं फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है. उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं.सीएम ने लिखा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परि. जनों और उनके प्रशंसकों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें. शांति!मनोज कुमार भारतीय सिनेमा के आदर्श थेरू प्रधानमंत्री मोदीउधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मशहूर अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार को शुक्रवार को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा का आदर्श बताया.प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''दिग्गज अभिनेता एवं फिल्म निर्माता मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुखी हूं. वह भारतीय सिनेमा के आदर्श थे जिन्हें देशभक्ति की उनकी भावना के लिए विशेष रूप से याद किया जाता था और यह उनकी फिल्मों में भी झलकता था.'' मोदी ने कहा कि कुमार की फिल्मों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और ये पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी.

## पीएम मोदी ने तस्वीर शेयर की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में मनोज कुमार के साथ खिंची गई पुरानी तस्वीरों को भी शेयर किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा–महान अभिनेता और फिल्मकार मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे।उन्हें खास तौर पर उनकी देशभक्ति के जोश के लिए याद किया जाता था। देशप्रेम उनकी फिल्मों में भी झलकता था। मनोज जी के कामों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को जगाया और वे पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## बहुमुखी अभिनेता थे मनोज कुमार राजनाथ सिंह

वही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मनोज कुमार के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा– मनोज कुमार जी एक बहुमुखी अभिनेता थे, जिन्हें हमेशा देशभक्ति से भरपूर फिल्में बनाने के लिए याद किया जाएगा। 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर, 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम' जैसी फिल्मों में उनके अविस्मरणीय अभिनय ने हमारी संस्कृति को समृद्ध किया है और उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया है। उनकी सिनेमाई विरासत उनके कामों के जरिए जिंदा रहेगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

## कल होगा अंतिम संस्कार

मनोज कुमार लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां झेल रहे थे। सुबह 3.30 बजे उनका देहांत हो गया। मनोज कुमार का अंतिम संस्कार कल सुबह 9 बजे पवन हंस शमशान भूमि में होगा। मनोज कुमार को अपने फिल्मी करियर में कुल 7 फिल्म फेयर अवार्ड मिले। उन्हें पहला फिल्म फेयर अवॉर्ड 1968 में मिला था। उनकी फिल्म उपकार का गाना मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती, काफी लो. कप्रिय हुआ था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले थे। मनोज कुमार को 2016 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

बॉलीवुज के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर राजनीतिक जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। 87 साल की उम्र में मनोज कुमार का मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। पद्म श्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मनोज कुमार के निधन से भारतीय सिनेमा को गहरा आघात लगा है।

## उत्तर प्रदेश में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर बड़ा दावा

उत्तर प्रदेश में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को लेकर बड़ा दावा किया गया है. सुन्नी वक्फ बोर्ड ने राज्य में 2,22,555 संपत्तियों पर अपना हक बताया है, जबकि शिया वक्फ बोर्ड ने 15,386 संपत्तियों को अपनी संपत्ति बताया है. राजधानी लखनऊ में भी वक्फ संपत्तियों की संख्या हजारों में है. यहां सुन्नी वक्फ बोर्ड 5,379 संपत्तियों और शिया वक्फ बोर्ड 3,603 संपत्तियों पर मा. लिकाना हक होने का दावा करता है.वक्फ संपत्तियां वे जमीनें, मकान या अन्य परिसंपत्तियां होती हैं, जो किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा धार्मिक, सामाजिक या जनहित के उद्देश्य से वक्फ बोर्ड के अधीन कर दी जाती हैं. ये संपत्तियां आमतौर पर मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, धर्मार्थ अस्पतालों और अन्य धार्मिक या सार्वजनिक उपयोग के लिए होती हैं. भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत इनका प्रबंधन व देखरेख होती है. उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों की संख्या काफी अधिक है और इसे देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा माना जाता है. लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, सहारनपुर जैसे शहरों में बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियां हैं.वक्फ संपत्तियों पर समय–समय पर विवाद भी होते रहे हैं. कई मामलों में सरकारी एजेंसियों और निजी व्यक्तियों द्वारा इन पर अतिक्रमण की शिकायतें आती रही हैं. कुछ संपत्तियों पर अवैध कब्जे के मामले भी सामने आते रहते हैं. लखनऊ में कई ऐतिहासिक वक्फ संपत्तियों पर कानूनी विवाद भी चल रहे हैं. उत्तर प्रदेश सरकार ने वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शी प्रबंधन के लिए कई कदम उठाए हैं. हाल ही में वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का डिजिटलीकरण करने की योजना भी बनी है, जिससे इनके सही आंकड़े सामने आ सकें और अवैध कब्जों पर रोक लगाई जा सके. सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग हो और ये धार्मिक व जनहित के कार्यों में आएं. इसके लिए वक्फ अधिनियम को प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर दिया जा रहा है.

## मथुरा जीआरपी ने बिहार से किडनैप हुए एक किशोरी बरामद

मथुरा जीआरपी ने बिहार से किडनैप हुए एक किशोरी को बरामद कर लिया है। किशोरी के किडनैपिंग की रिपोर्ट बिहार के बक्सर जिले के इटाई थाने में दर्ज थी।मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री पर सुबह गश्त के दौरान जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह को 15 वर्षीय किशोरी मिली। वह गुमशुम हालत में बैठी थी। महिला सिपाही राबिया फातिमा ने किशोरी से पूछताछ की। शुरू में किशोरी ने गोलमोल जवाब दिए। थाने में पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह बक्सर की रहने वाली है।जीआरपी ने किशोरी के परिजनों से संपर्क किया। परि. जनों ने बताया कि किशोरी 26 अप्रैल से लापता थी। उन्होंने 1 अप्रैल को किडनैपिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।बक्सर के इटाई थाने से उप निरीक्षक अजय कुमार पांडे टीम के साथ मथुरा पहुंचे। किशोरी को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने किशोरी को बिहार पुलिस की निगरानी में भेजने का आदेश दिया। किशोरी के पास से मिले 4,950 रुपये भी बिहार पुलिस को सौंप दिए गए।बिहार के पूर्व अधिकारी के परिवार की थी किशोरी जीआरपी द्वारा बरामद की गई किशोरी बिहार पुलिस के




बड़े आधिकारी के परिवार से ताल्लुक रखती थी। इसी कारण बिहार पुलिस उसकी बरामदगी के लिए ऐड़ी चौटी का जोर लगाए हुए थे। किशोरी को लेने आए इटाई थाने के उप निरक्षक अजय पांडे ने बताया कि किशोरी का बिहार पुलिस के पूर्व अधिकारी के परिवार से ताल्लुक रखने के कारण उसकी बरामदगी का दबाव था। गनीमत रही कि मथुरा जीआरपी ने उसे बरामद कर लिया। उन्होंने इसके लिए मथुरा जीआरपी को धन्यवाद दिया।जैवरात और नकदी लेकर निकली थी किशोरी किशोरी के लापता होने के बाद उसके पिता ने इटाई थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में ढाई लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार रुपये कैश लेकर जाने का जिक्र किया। साथ ही दर्ज कराई रिपोर्ट में गांव के ही दो युवकों को भी नामजद किया था। जीआरपी के समक्ष किशोरी ने अकेले ही घर से आने बात कही। उसने घर से जेवर–नकदी लेकर आने की बात से इनकार किया। किशोरी ने बताया कि जब वह घर से चली थी, तो उसने गांव के पास के एटीएम से पांच हजार रुपये निकाले थे।

## वक्फ संशोधन बिल के बाद आज पहला जुमा, UP में बढ़ाई गई सुरक्षा, चप्पे–चप्पे पर पुलिस का पहरा

लखनऊ। वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद आज (शुक्रवार) पहला जुमा है। ऐसे में जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश की राजधनी लखनऊ, अलीगढ़, संभल, बरेली, आजमगढ़ और कानपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में तनाव के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।राजधानी लखनऊ, नोएडा और बहराइच में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और शरारती तत्वों को माहौल न बिगाड़ने की हिदायत दी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने सभी जिलों को प्रमुख स्थानों पर चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर पुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि किसी भी तरह की भडकाऊ पोस्ट करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अफसर लगातार इमाम, मौलवी और धर्मगुरुओं से संपर्क में बने हुए हैं। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।पुलिस छावनी में तब्दील लखनऊ वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर कहीं कोई विरोध प्रदर्शन न हो इसके लिए खुफिया विभाग चौकन्ना बना हुआ है। पुलिस भी हर आने–जाने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखे हुए है। खास तौर पर लखनऊ में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए शहर की टीले वाली मस्जिद, बड़ा और छोटा इमामबाड़ा समेत 61 हाट स्पाट बनाए गए हैं, जिनपर सीसीटीवी और ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।संभल से लेकर बहराइच तक पुलिस की निगरानी प्रदेश के अलीगढ़, मेरठ, बरेली, मुजफ्फरनगर, शामली, आगरा, संभल, मथुरा, फिरोजबाद, वाराणसी, प्रयागराज और बहराइच जिलों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी है। वक्फ बिल के पास होने के बाद जुमा की पहली नमाज को लेकर इन जिलों में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

## बरेली में प्यार के नाम पर फरेब! आसिफ ने आशीष बनकर छात्रा को फंसाया फिर होटल में ले गया...पुलिस का छापा

फरीदपुर रू धर्म छिपाकर युवती को लेकर होटल गए धर्म विशेष के युवक आसिफ ने आशीष नाम के आधार कार्ड से होटल में कमरा बुक कराया। मामले की जानकारी किसी तरह हिंदू युवा वाहिनी के सदस्यों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस फरीदपुर–शाहजहांपुर रोड हाईवे पर स्थित होटल में छापा मारा, जहां दोनों आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। पुलिस को उस कमरे से कुछ आ. पत्तिजनक सामान भी बरामद हुआ। पुलिस दोनों को लेकर कोतवाली आई। छात्रा ने बताया कि उसकी पिछले महीने से ही आरोपी से पहचान हुई, उसने उसे अपना नाम गलत बताया और होटल वाले से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि युवक ने होटल में जो आधार कार्ड दिया है वह किसी हिन्दू युवक का था, लेकिन उसमें फोटो आरोपी की थी। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर अनुसूचित जाति की युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण कर रहा था।युवती भुता थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है, पकड़ा गया आरोपी फरीदपुर सिविल न्यायालय के एक अधिवक्ता के यहां मुंशी के रुप में कार्यरत है। उसके गिरफ्तार होने की सूचना पर अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक से बात की। जब उन्हें युवक की करतूत के बारे में पता चला तो अधिवक्ता पीछे हो गए। इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध छलपूर्वक दुराचार, एससी–एसटी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।दरअसल कस्बे में ऐसे कई चर्चित होटल हैं जहां कमरे सिर्फ जिस्मफरोशी के लिए महंगे दामों में घंटे के हिसाब से जाते हैं। जहां आईडी नहीं होने पर भी कमरा उपलब्ध हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया होटल वाले ग्राहक को कॉल गर्ल भी उपलब्ध करा देते हैं, इसके बदले मोटी रकम वसूलते है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले 8 नए न्यायाधीश

इलाहाबाद हाईकोर्ट को 8 नए न्यायाधीश मिल गए हैं. जानकारी के मुताबिक इन न्यायाधीशों के नाम का अनुमोदन 2 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में हुआ.एक बयान में कहा गया– सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 2 अप्रैल, 2025 को आयोजित बैठक में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.जो न्यायिक अधिकारी बतौर न्यायाधीश, इलाहाबाद हाईकोर्ट में काम संभालेंगे उसमें जितेन्द्र कुमार सिन्हा,,अब्दुल शाहिद ,अनिल कुमार–एक्स ,तेज प्रताप तिवारी , संदीप जैन , अवनीश सक्सेना , मदन पाल सिंह और हरवीर सिंह शामिल हैं.इससे पहले 25 मार्च को अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ल को बतौर न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट में नियुक्त किया गया था. बीते साल 2024 दिसंबर में भी अधिवक्ता प्रवीण कुमार गिरि को बतौर न्यायाधीश नियुक्ति प्रदान की गई थी.वहीं मई 2024 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नौ अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया था. जिसमें न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम,न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला, न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार, न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला, न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल शामिल हैं.

उत्तर प्रदेश में अप्रैल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने लोगों को अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ तपिश भरी धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर तक 25 से ज्यादा जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया।मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन–चार दिनों में कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार चला जाएगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़त देखने को मिलेगी। वहीं रात के पारे में भी बढ़ोतरी आएगी।

# चैत्र नवरात्र के सातवें दिन हाथरस में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना की

चौत्र नवरात्र के सातवें दिन हाथरस में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की विशेष पूजा–अर्चना की गई। शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मुरसान गेट स्थित बौहरे वाली देवी मंदिर में सबसे अधिक भक्त पहुंचे। भक्तों ने मां काली के सिद्ध मंत्रों का उच्चारण किया। उन्होंने जलाभिषेक के साथ पुष्प, गुग्गल और लौंग अर्पित किए। मंदिर परिसर में श्जय अंबेश, श्जय कालीश और श्जय दुर्गाश के जयकारे गूंजते रहे।शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में शीतला माता मंदिर, वाराही माता मंदिर, पथवारी माता मंदिर, चामुंडा मंदिर और अन्नपूर्णा माता मंदिर शामिल हैं। इसके अलावा हाथुरसी देवी मंदिर, सासनी के पास कंकाली मंदिर, बिसाना का मां तारागढ़ मंदिर और सहपऊ स्थित मां भद्रकाली मंदिर में भी भक्तों की



भीड़ उमड़ी।हवन यज्ञ में भक्तों ने दी आहुतियां काफी भक्त उपवास रखकर माता की आराधना कर रहे हैं। रमनपुर स्थित मां चामुंडा मंदिर में शत चंडी पाठ का आयोजन किया जा रहा है। कुछ मंदिरों में हवन यज्ञ भी हुए, जिनमें भक्तों ने आहुतियां दीं। पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया है।

## उत्तर प्रदेश के सासनी में स्थित श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज में लगी आग तीन दिन बाद भी नहीं बुझ पाई

उत्तर प्रदेश के सासनी में स्थित श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज में लगी आग तीन दिन बाद भी नहीं बुझ पाई है। कोल्ड स्टोरेज में रखा किराने का करोड़ों रुपए का सामान और अन्य सामान जलकर राख होने की आशंका है।अग्निशमन विभाग के उत्तर प्रदेश डिप्टी डायरेक्टर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। कई जिलों से बुलाई गई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज की छत को काटकर पानी डालने का प्रयास किया। साथ ही दीवारें तोड़कर सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।किसान गुलाबी सिंह ने बताया कि उनकी पूरी साल की मेहनत इस कोल्ड स्टोरेज में रखी थी। आग इतनी भीषण है कि मिर्च की जलन के कारण आसपास खड़े होना भी मुश्किल हो रहा है। अब तक करोड़ों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो चुका है।आग पर काबू पाने का प्रयास जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार स्थिति का जायजा ले रहे हैं। किसान और व्यापारी चिंतित हैं और अपनी फसल को बचाने के लिए कोल्ड स्टोरेज के आसपास भटक रहे हैं। अग्निशमन विभाग की टीम लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।

## हाथरस के सासनी स्थित श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज में लगी आग 78 घंटे से अधिक समय . बीतने के बाद भी नियंत्रण से बाहर

हाथरस के सासनी स्थित श्रीहरि कोल्ड स्टोरेज में लगी आग 78 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी नियंत्रण से बाहर है। आग की भयावहता को देखते हुए 10 जिलों की अग्निशमन टीमों के साथ सीआईएसएफ को भी तैनात किया गया है।कोल्ड स्टोरेज के दो चौंबर आग की चपेट में हैं। इससे करोड़ों का नुकसान हो गया है। आग पर काबू पाने के लिए नोएडा से विशेष उपकरण मंगाए गए हैं। दमकल विभाग ने कोल्ड स्टोरेज की छत को काटकर पानी डालने का प्रयास किया है। साथ ही दीवारें तोड़कर सर्च ऑपरेशन भी चलाया जा रहा है।कोल्ड स्टोरेज में रखा किसानों का आलू अन्य कोल्ड स्टोरेज में शिफ्ट किया जा रहा है। यहां रखा किराने का सामान और मिर्च जलकर राख हो गई है। मिर्च की जलन के कारण आसपास खड़े होना भी मुश्किल हो रहा है। डीएम और एसपी ने देखी स्थिति.... स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोल्ड स्टोरेज की पूरी बिल्डिंग को गिराना पड़ सकता है। डीएम राहुल पांडे और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है। अब तक करोड़ों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो चुका है।

## हाथरस में मुरसान विकासखंड के मनरेगा योजना के तहत कार्यरत रोजगार सेवकों ने मानदेय नहीं मिलने के विरोध में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हाथरस में मुरसान विकासखंड के मनरेगा योजना के तहत कार्यरत रोजगार सेवकों ने मानदेय नहीं मिलने के विरोध में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। रोजगार सेवकों का कहना है कि उन्हें पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के 10 महीने और वर्तमान वित्तीय वर्ष के 8 महीने का मानदेय नहीं मिला है।रोजगार सेवकों ने बताया कि वे पिछले 17 सालों से कम वेतन पर पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। मनरेगा के अलावा वे आवास सर्वे, जीरो पोवर्टी सर्वे और विभिन्न चुनावों में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इतने लंबे समय तक वेतन नहीं मिलने से उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति प्रभावित हो रही है। कलम बंद हड़ताल की घोषणा... वेतन की मांग को लेकर रोजगार सेवकों ने अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की घोषणा की है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर काफी रोजगार सेवक मौजूद थे।

## सादाबाद ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने मानदेय नहीं मिलने के विरोध में बीडीओ सुरेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा




एटा के अलीगंज में करोड़ों रुपए की लागत से बना स्पोर्ट्स स्टेडियम बेकार पड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 2014 में इस स्टेडियम की स्वीकृति दी थी। 2015 में निर्माण कार्य शुरू हुआ, जो योगी सरकार में पूरा हुआ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 महीने पहले वर्चुअल माध्यम से स्टेडियम का उद्घाटन किया था। लेकिन आज तक यह स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए नहीं खुला है। 9 करोड़ रुपए की लागत से बने इस स्टेडियम की हालत बेहद खराब है। भवन के अंदर कबूतरों का बसेरा बन गया है।क्षेत्र के युवा खिलाड़ी स्टेडियम के बाहर मैदान बनाकर क्रिकेट खेलने को मजबूर हैं। एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता और अलीगंज के निवासी पुष्पेंद्र कुमार ने सरकार से स्टेडियम को जल्द चालू करने की मांग की है।खेल मैदान और प्रशिक्षकों की कमी के कारण अलीगंज क्षेत्र खेलों में पिछड़ा हुआ है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। स्थानीय खिलाड़ियों ने सरकार से स्टेडियम को जल्द से जल्द चालू करने की अपील की है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कर मेडल लाया हूं,लेकिन दुर्भाग्य मेरे कैसे कई ऐसे खिलाड़ी होगे,जिनको आज तक अलीगंज में बने करोड़ों रुपए से बने स्टेडियम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नेशनल खेल चुकी भाला फेंक खिलाड़ी दीक्षा ने कहा की स्टेडियम बना है। परंतु सुविधाओं के न होने से आज भी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को नही निखार पा रहे। उन्होंने सरकार से मांग की है जल्द से जल्द स्टेडियम को सुचारू रूप से शुरू करवाया जाए। जिससे की खिलाड़ियों को मौका मिल सके।उप जिला क्रीड़ा अधिकारी पूजा भट्ट ने बताया कि स्पोर्ट स्टेडियम बनकर तैयार हो चुका है। स्टेडियम निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम अलीगढ़ की थी। संस्था द्वारा स्टेडियम का निर्माण कराया जा चुका है। परंतु स्टेडियम में खेल मैदान का निर्माण नही पूर्ण हो सका है। साथ ही स्टेडियम की देखरेख और जिम्मेदारी के लिए हाल ही में कोई तैनाती नहीं हुई है। मैदान के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही। जिसको हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। स्टेडियम विभाग को सौंपा जा चुका है। स्टेडियम के अंदर खेलो को शुरू करने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। मामले में अलीगंज उपजिलाधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि क्रीड़ा अधिकारी से वार्ता की गई है,संज्ञान में आया है, कि स्टेडियम के मैदान में हा. इटेंशन लाइन गुजर रही है। जल्द ही इसको शिफ्ट करवाकर इसको शुरू करवाया जाएगा।सादाबाद ब्लॉक के रा. `जगार सेवकों ने मानदेय नहीं मिलने के विरोध में बीडीओ सुरेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है। रोजगार सेवकों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के पिछले 6 महीने का मानदेय अभी तक नहीं मिला है।रोजगार सेवक कई वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। वे मनरेगा के अलावा आवास सर्वे, जीरो पोवर्टी सर्वे, मध्यावधि चुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं।रोजगार सेवक बोले–बच्चे की फीस तक नहीं दे पा रहे रोजगार सेवकों ने बताया कि मानदेय नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। स्कूलों ने 6 महीने की एडवांस फीस की मांग की है। मानदेय नहीं मिलने से वे अपने बच्चों की फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति से परेशान होकर सभी रोजगार सेवकों ने कलम बंद हड़ताल की घोषणा की है। उनका कहना है कि जब तक मानदेय का भुगतान नहीं होगा, तब तक काम नहीं करेंगे।

## हाथरस पुलिस ने चांदी लूट के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया



हाथरस पुलिस ने चांदी लूट के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कल्ला उर्फ कल्यान सिंह के रूप में हुई है। वह गोपरा भाग तसींगा, थाना सादाबाद का रहने वाला है। घटना 27 मार्च की है। ईश्वरी प्रसाद और उनके साथी राकेश कुमार आगरा से करीब 5 किलो चांदी लेकर मोटरसाइकिल से वापस आ रहे थे।देवो रिसॉर्ट के आगे मई रोड पर अज्ञात बदमाशों ने उनसे चांदी से भरा थैला लूट लिया था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर तीन टीमों का गठन किया गया। स्वाट टीम को भी इस मामले में लगाया गया। 2 अप्रैल को सरौठ बम्बा श्रीनगर की पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपी कन्हैया और चंदू उर्फ चंद्रकांत को गोली लगी थी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। कांबिंग के दौरान एक और आरोपी को पकड़कर जेल भेजा गया था।पूछताछ में चौथे आरोपी कल्ला उर्फ कल्यान सिंह का नाम सामने आया।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे मई से ताजपुर जाने वाले रोड से गिरफ्तार किया। उसके पास से लूटी हुई 900 ग्राम चांदी बरामद हुई है। थाना सादाबाद में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## हाथरस जिले की नगर पंचायत सहपऊ में आधुनिक गौशाला के निर्माण की शुरुआत

हाथरस जिले की नगर पंचायत सहपऊ में आधुनिक गौशाला के निर्माण की शुरुआत हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष शीला दिवाकर और ईओ सुरेश कुमार की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया।केयरटेकर की नियुक्तिगौशाला 1.64 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी। इसमें गायों की देखभाल के लिए केयरटेकर की नियुक्ति की जाएगी। पशु चिकित्सा के लिए अलग कमरे का निर्माण होगा। चारे और पानी की उचित व्यवस्था की जाएगी। चारों तरफ बाउंड्री वॉल और तारकशी भी होगी।ईओ सुरेश कुमार ने बताया कि सरकार ने धनराशि जारी कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पूरा प्रोजेक्ट 6 माह में पूरा होगा। गौशाला बनने से किसानों की फसलों को आवारा पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। किसानों का कहना है कि अगर केयरटेकर ठीक से देखभाल करेंगे तो गायें खेतों में नुकसान नहीं करेंगी। लापरवाही से नुकसान का खतरा बढ़ सकता है। नगर पंचायत की योजना है कि भविष्य में यहां अच्छी नस्ल की गायों का पालन किया जाएगा। इनके दूध की बिक्री से पंचायत की आय में वृद्धि होगी।




### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# जिलाधिकारी ने ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) का लिया साक्षात्कार

## बीआरपी की तैनाती से समग्र ग्राम विकास की योजनाओं में आएगी पारदर्शिता



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) पद के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन एवं निगरानी में बीआरपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित होनी चाहिए ताकि ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संच. ालन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सक. े।सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि बीआरपी के लिए 57 व्यक्तियों ने आवेदन किया था, जिसमें जांचोपरांत 08 महिलाओं समेत 49 आवेदन पात्र पाए गए। जिले में 13 बीआरपी का चयन किया जाना है। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों से सोशल ऑडिट, मनरेगा, ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं, मनरेगा जॉब कार्ड, पंचायतीराज का ढ़ांचा समेत अन्य सवाल किए गए। साक्षात्कार के दौरान एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार, जिला विकास अधिकारी आलोकआर्य,परियोजना निदेशक डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने विकास भवन का किया निरीक्षण

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। वह शुक्रवार को विकास भवन में आयोजित बीआरपी के लिए आवेदित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार की गुणवत्ता जांचने पहुॅचे थे। उन्होंने विकास भवन परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि साफ–सुथरे वातावरण में कार्य करने से कार्मिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। इस दौरान उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय तल पर स्थापित विभिन्न कार्यालयों यथा–सूचना, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, एनआरएलएम को भी देखा।इस दौरान सीडीओ, एडीएम न्यायिक, डीडीओ, पीडी उपस्थित रहे।


## महावीर गंज हनुमानजी के मंदिर पर सजाई गई माता की चौकी

अलीगढ़। महानगर के सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर महावीर गंज में नवरात्रि के कार्यक्रम की धूम मची रही जहां पर सुबह सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं का स्नान अभिषेक पूजन आवाहन और आगमन हुआ और इसके उपरांत आरती के बाद प्रसाद वितरण का सिलसिला भी जारी रहा।खास बात ये है कि शाम चार बजे से माता की चौकी सजाई गई जिसमें सुंदर सुंदर झांकियों के साथ कार्यक्रम हुआ।इसके अलावा नौ देवी स्वरूप कन्या पूजन की आरती में भी सभी भक्तों की काफी भीड़ रही।यहां पर ये कार्यक्रम कल्पना शुक्ला,राधा,रेखा,आरती,शिखा और प्रियंका द्वारा किया गया जबकि इस अवसर पर नीरजा,नीलम,रचना,सुनीता,लता,गीता,लवली ,गार्गी,कामना,स्तुति,शालिनी,अलका,पूजा समेत काफी महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रहीं।इधर इस मंदिर के महंत अजय शुक्ला ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम अक्सर होते हैं और काफी भक्तों की भीड़ रहती है वहीं 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्री हनुमान जी जन्म उत्सव का कार्यक्रम भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा।आयोजन में मीडिया प्रभारी अक्षय गुप्ता का भी सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी शनिवार 05 अप्रैल को कृष्णांजलि में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं का कराएंगे निस्तारण

अलीगढ़ : जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा 05 अप्रैल शनिवार को कृष्णांजलि सभागार में प्रातः 10 बजे से तहसील कोल के सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।निर्धारित रोस्टर के अनुसार अन्य तहसीलों में भी संबंधित एसडीएम एवं नोडल अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं का निस्ताण कराया जाएगा।

## बेशकीमती जमीन हुई अवैध अतिक्रमण से मुक्त–करोडों की संपत्ति से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की हुई कार्यवाई




शुक्रवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह व तहसीलदार कोल अवनीश कुमार नायब तहसीलदार बिजेन्द्र कुमार के नेतृत्व वाली संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता व तहसील टीम ने ग्राम कयामपुर में गाटा 458ध्2 में 460वर्गमीटर, 459ध्2 में 1840 वर्ग मीटर पर नगर निगम व तहसील की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए बेशकीमती करोड़ो की जमीन को कब्जा मुक्त कराकर नगर निगम ने अपनी संपत्ति का बोर्ड लगा दिया है। दूसरी ओर कयामपुर में ही गाटा संख्या 271 में 5000 वर्ग मीटर भूमि पर तहसील और नगर निगम की टीम द्वारा पैमाइश और चिन्नाकन का काम शुरू कर दिया गया हैपिछले दिनों गोपनीय सूचना के आधार पर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने शिकायतकर्ता की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए कायमपुर में गाटा 458ध्2 में 460 वर्गमीटर, 459ध्2 में 1840 को तत्काल अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को दिए थे।शुक्रवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम और तहसील की टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाई करते हुए कयामपुर में गाटा 458ध्2 में 460(हरबाढ) वर्गमीटर, 459ध्2 में 1840 (उसर बंजर) भूमि पर भूमाफियाओं ने बाउंड्री और कमरा बनाकर कब्जा कर रखा था जिसकी संयुक्त रूप से पैमाइश 26 मार्च 2025 को कराई गई अवैध अतिक्रमण चिह्नित पाया गया 500 गज जमीन को अवैध अतिक्रमण करता नरेश चंद बंसल पुत्र मूलचंद निवासी विष्णु पुरी अलीगढ़ द्वारा सरेंडर कर दिया गया था बाकी जमीन पर नगर निगम और तहसील की टीम ने कड़ी कार्रवाई कर जेसीबी की मशीन से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कराया और नगर निगम संपत्ति का बोर्ड लगा दिया इस भूमि पर एक ट्यूबवेल लगाने का भी कुछ लोग विरोध कर रहे थेअवैध अतिक्रमण पर कब्जा लेने के उपरांत ट्यूबवेल लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की बाजार मूल्य लगभग डेढ़ करोड़ के आसपास मानी जा रही हैवहीं दूसरी और नगर निगम और तहसील की टीम ने संयुक्त रूप से कयामपुर में ही गाटा संख्या 271 में 5000 वर्ग मीटर ऊसर बंजर जमीन के लिए पैमाइश और चिन्नांकन का काम तहसील और नगर निगम टीम शुरू कर दिया गया है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा नगर निगम अलीगढ़ नगरीय क्षेत्र में अपनी संपत्तियों की सुरक्षा और अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है ऐसे अतिक्रमणकर्ता जिन्होंने नगर निगम संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण करने की को. शिश की तो उनके विरुद्ध नगर निगम बलपूर्वक कानूनी कार्यवाई भी करेगा।

## गगन कॉलेज में 09 अप्रैल को लगेगा वृहद रोजगार मेला

अलीगढ़ :क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेन्टर, राजकीय आईटीआई एवं गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टै. क्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में 09 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन आगरा रोड स्थित गगन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टैक्नोलॉजी में किया जा रहा है। मेले में 30 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर लगभग 2700 रिक्त पदों पर चयन किया जायेगा।जिला सेवायोजन अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में प्रणव विकास इण्डिया प्रा0 लि0 फरीदाबाद, मानसी गंगा बिल्डर्स एण्ड इंजी अलीगढ़, एनआईआईटी दिल्ली, विजन इण्डिया सर्विस नोयडा, टाटा स्ट्राईव स्किल डवलपमेंट सेंटर अलीगढ़, पोस्टेरिटी प्रा0लि0 नोयडा, ईएफएस प्रा0 लि0 सुड़ियाल एवं अन्य के द्वारा सिक्योरिटी सर्विस, मार्केटिग, अकाउण्टेन्ट, प्रोडक्शन एसोसिएट, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स, वेलनेस एडवाईजर, सुपरवाईजर, स्टोर इंच. ार्ज, पैकिंग इंचार्ज, टेलीकालर के पदों पर हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परा. स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक, बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि इच्छुक पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam-up-gov-in एवं www-ncs-gov.पद पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त पोर्टल पर रजिस्टर्ड अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर पायेंगे। रोजगार मेले में सभी आवेदित अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड (एक्स–10), समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो एवं मूल प्रति, फोटो आई0डी0, 02 फोटो एवं रिज्यूम लेकर अवश्य आयें। रिक्तियों का विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल पर देखें किसी भी असुविधा के लिये सेवायोजन कार्यालय से एवं दूरभाष नंबर 0571–2403304 पर सम्पर्क करें।

## तहसीलों में लगेंगे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

अलीगढ़ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों में विभिन्न तिथियों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं के प्रति होने वाले उत्पीडन (पोक्सो एक्ट), एडीआर तंत्र, वाणिज्यिक विवाद, मीडिएशन, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के साथ ही स्थाई लोक अदालत, उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना, टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।प्राधिकरण सचिव ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 08 अप्रैल को तहसील कोल एवं इगलास, 09 अप्रैल को तहसील खैर एवं कोल, 10 अप्रैल को तहसील गभाना, 23 अप्रैल को तहसील इगलास एवं खैर, 24 अप्रैल को तहसील कोल एवं 25 अप्रैल को तहसील गभाना में तहसील पदाधिकारियों, तहसील बार पदाधिकारियों एवं पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, तहसील स्तर पर जारी शासकीय योजनाओं, तहसील स्तर पर संचालित योजनाओं एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस विधिक जागरूकता शिविर में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

## सिद्धपीठ सारसौल साईं मंदिर पर भी है नवरात्रि की धूम भक्ति रस में सराबोर होकर महिलाओं ने किया डांडिया




अलीगढ़।महानगर के सिद्धपीठ सारसौल साईं मंदिर पर अब ना सिर्फ साईं बाबा के दर्शन होते हैं बल्कि अब यहां पर दरबार सजा कर बैठी जगत जननी मां जगदम्बे भी अपने भक्तों का कल्याण कर रही है।आपको बता दें कि ये मंदिर यूं तो साईं बाबा का है लेकिन इसकी खास बात ये है कि इस मंदिर में सभी देवी देवताओं के विग्रह विराजमान हैं जिनकी प्राण प्रतिष्ठा के बाद इन्हें यहां पर विराजमान किया गया है।इधर इसी श्रृंखला में यहां मंदिर के ऊपर की मंजिल पर स्थित माता रानी का मंदिर अपनी अलग ही छठा बिखेरता है जिसमें विराजमान सभी देवियों के विग्रह दर्शन साक्षात मातारानी के आशीर्वाद की अनुभूति प्रदान करते हैं। वहीं इन दिनों नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां भक्तों की भीड़ नियमित दर्शनों को पहुंच रही है साथ ही महिला मंडली द्वारा लगातार नौ दिनों तक मातारानी के संकीर्तन का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें पिछले दिवस महिलाओं ने भक्ति रस में सराबोर होकर खूब डांडिया खेला और नृत्य भी किया।इस दौरान मंदिर परिसर में सभी भक्तों को व्रत के प्रसाद का वितरण किया गया जबकि यहां पर महिला भजन मंडली में भारती सिंह,नेहा शुक्ला,नेहा शर्मा,निशा शर्मा,पूजा,मोहिनी,दुर्गेश गोयल,लता शर्मा,अर्चना,ममतासिंह, सुशीला,पल्लवी,सीमा यादव,मीरा देवी, सरिता शर्मा,गायत्री देवी,लक्ष्मी,कुसुम चौहान,पूजा सागर,संदीप सागर और रोहित का विशेष सहयोग रहा जबकि मंदिर कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष धर्म प्रकाश अग्रवाल ने सभी भक्तों का आभार जताया।

## डीएओ ने उर्वरक कम्पनी प्रतिनिधि एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

अलीगढ़ (जिला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में कार्यरत क्रियाशील व अक्रियाशील थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के सम्बन्ध में उर्वरक समीक्षा बैठक का आयेजन किया गया। बैठक में जिले के सभी उर्वरक कम्पनी प्रतिनिधि एवं समस्त थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहें।डीएओ ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जिन उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र या उर्वरक लाइसेंस आईएफएमएस पोर्टल पर क्रियाशील नहीं है या अपडेट नहीं है उनको किसी प्रकार के उर्वरक की आपूर्ति न की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कम्पनी उर्वरक प्रतिनिधि द्वारा या थोक उर्वरक विक्रेता द्वारा अक्रियाशील एवं आईएफएमएस पोर्टल पर उर्वरक विक्रय लाईसेन्स अपटेड नही है को उर्वरक की आपूर्ति की जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्व उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं उर्वरक परिसंचलन आदेश 1973 में दिये गये प्राविधानों के तहत व आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3ध्7 के तहत एफआ. ईआर करा दी जायेगी। बैठक में उपस्थित आईपीएल उर्वरक प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि अक्रियाशील व क्रियाशील उर्वरक विक्रय लाईसेन्सों को डीएक्टीवेट व एक्टीवेट करने की कार्यवाही की जाये।

## बिना मान्यता चल रहे स्कूलों की प्रशासन से शिकायतः अलीगढ़ में 5 साल से खत्म हो चुकी है संत फिदेलिस की मान्यता, अधिकारियों ने शुरू की जांच

अलीगढ़ में बिना मान्यता के पिछले 5 साल से चल से खेड़ा खुशखबर के संत फिदेलिस स्कूल के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। डीएम के नाम ज्ञापन देकर एबीवीपी ने आरोपी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कासगंज पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया।परेड ग्राउंड में पु. लिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए विशेष ड्रिल कराई गई। एसपी ने पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया। अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए सभी से ड्रिल अभ्यास करवाया गया।इसके बाद एसपी ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, यूपी–112 पीआरवी, भोजनालय और बैरक का जायजा लिया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों और फर्स्ट एड किट की जांच की। साथ ही उपकरणों की नियमित सफाई और रखरखाव के निर्देश दिए। एसपी ने सभी शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी रजिस्टर और अभिलेखों को व्यवस्थित और अप–टू–डेट रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रविंद्र मलिक और अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कासगंज में कूड़ा उठाने की नई प्रणाली, 19 वाहनों से हो रही घर–घर सफाई

कासगंज शहर को कचरा मुक्त बनाने और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए नगर पालिका की ओर निरंतर नए–नए कदम उठाए जा रहे हैं। पालिका ने घर घर से प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े के लिए आयुषी हायजिंग एंड केयर प्राईवेट कंपनी को ठेका लिया है। कंपनी की गाडियां लगातार घर घर पर पहुंच कर कूड़ा उठा रही हैं। इसकी मॉनिडिंग नगर पालिका में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है।एक फरवरी 2025 को जिलाधिकारी मेधा रूपम और नगर पालिका चेयरमैन मीना माहेश्वरी ने हरीझंडी दिखाकर 19 गाडियों को घर घर से कूड़ा उठाने के लिए वाहनों को रवाना किया था। यह गाडियां सुबह की घर घर से कूड़ा उठा रही है। जिससे शहर कचरा मुक्त बना हुआ है। लोगों ने बताया कि यह नगर पालिका की बेहतर सोच का परिणाम है। पहले लोग अपने अपने घरों के बाहर कूडे को फेंका करते थे। जिससे बदबू हुआ करती थी। अब घर से निकलने वाला कूड़ा प्रतिदिन उठाया जा रहा है। आयुषी हायजिंग एंड केयर प्राईवेट कंपनी के साइट मैनेजर महाराजा कुंदन सिंह ने बताया शहर से कूड़ा उठाने के लिए 19 मैजिक लोड़र वाहनो को लगाया गया है। इनमें 15 वाहन प्रतिदिन घर घर पहुंच रहे हैं। चार वाहनों को अतिरिक्त रखा गया है। इसके अलावा जिन गलियों में वाहन नहीं पहुंचते हैं, उनके लिए 20 ई रिक्शाओ के अलावा 17 हेंड रिक्शाओ से कूड़ा उठाने का काम किया जा रहा है। जिसमें 87 वर्करो के अलावा चार सुपरवाइजरों को लगाया गया है। इसके अलावा सभी वाहनों को जीपीएस से कनेक्ट किया गया है। इनकी निगरानी नगर पालिका में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर को कचरा मुक्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर को साफ स्वच्छ रखने में सभी लोग सहयोग करें। वह अपने घर का कचरा वाहन में ही डालें।



## कासगंज में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावकों ने आवाज उठाई

कासगंज में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावकों ने आवाज उठाई है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मेधा रुपम को ज्ञापन सौंपा।अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन हर साल पा. ठ्यक्रम बदल देता है। फीस में भी अनियंत्रित वृद्धि की जा रही है। स्कूल प्रबंधन चुनिंदा दुकानों को किताबों का ठेका देता है। अभिभावकों को इन्हीं दुकानों से सामान खरीदना पड़ता है।उत्तर प्रदेश सरकार ने 2018 में स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क निर्धारण अध्यादेश लागू किया था। स्कूल संचालक इस अध्यादेश का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2015–16 को आधार मानकर फीस तय होनी चाहिए थी। लेकिन 2025–26 तक फीस लगभग दोगुनी हो गई है।स्कूल प्रबंधन प्राइवेट प्रकाशकों से कमीशन लेकर किताबें बदलवाते हैं। छोटे बच्चों की किताबों की कीमत 3000 से 10000 रुपये तक पहुंच गई है। पतली–पतली किताबों की कीमत 250 से 500 रुपये के बीच है। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



## एटा जिले के सकरौली थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव में एक सदी पुराने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया

एटा जिले के सकरौली थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव में एक सदी पुराने मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है।जितेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर की 11 डेसिमल भूमि 80 साल पहले चकबंदी के दौरान सरकारी अभिलेखों में दर्ज की गई थी। गांव के कुछ लोग इस जमीन पर उपले बनाते हैं। इससे मंदिर में पूजा–पाठ करने वालों को परेशानी होती है। मंदिर की देखरेख कर रही एक बुजुर्ग महिला ने भी पहले इसकी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।ग्राम प्रधान मनपाल सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रामीण कंडे डालकर मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह मामला मंदिर की पवित्रता और सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण से जुड़ा है।

## एटा जिले में गिहार समाज और सेना के बीच जमीन विवाद गहरा गया

एटा जिले में गिहार समाज और सेना के बीच जमीन विवाद गहरा गया है। सैकड़ों समाज के लोगों ने धरना–प्रदर्शन कर अपनी जमीन बचाने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन स्वतंत्र के बैनर तले महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी प्रदर्शन में शामिल हुए।यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अलीगंज रोड पर स्थित गिहार बस्ती में लोग 300 साल से रह रहे हैं। उनके पास राजा द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र भी मौजूद है। मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है और समाज को कोर्ट से स्टे भी मिला हुआ है। इसके बावजूद सेना के जवान उनके घरों को खाली कराने की धमकी दे रहे हैं।डॉ. शर्मा ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि कोर्ट का फैसला आने तक लोगों को नहीं उजाड़ा जाए। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हो तो इन लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। ये लोग सड़कों पर रहकर अपना कारोबार चलाते हैं। मामले पर उपजिलाधिकारी एटा जगमोहन गुप्ता से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया उक्त मामले की जानकारी नहीं है।मौके पर अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

## एटा में नवरात्र और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से शहर में पैदल मार्च किया

एटा में नवरात्र और जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से शहर में पैदल मार्च किया। अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार सिंह और उप जिलाधिकारी सदर जगमोहन गुप्ता ने भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया।अधिकारियों ने शहरवासियों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता बरतने के कड़े निर्देश दिए गए।प्रशासनिक टीम ने ठंडी सड़क, कचहरी रोड, गांधी मार्केट, घंटाघर और अलीगंज रोड का निरीक्षण किया। शहर की सभी मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।पैदल मार्च में एसीपी राजकुमार सिंह, एसडीएम जगमोहन गुप्ता, डिप्टी एसपी अमित राय और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## कासगंज: मेले को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, . डीएम–एसपी ने पहुंचकर लिया जायजा

कासगंज : चैत्र नवरात्र में मां चामुंडा वाली के मंदिर में नौ दिनों तक मेले का आयोजन होता है। मेले को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिसक. र्मियों को तैनात रहने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ होने वाली लूटपाट और छींटाकशी को लेकर सादी वर्दी में महिला और पुरुष कर्मियों को तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।जिले का प्रमुख मंदिर चामुंडा महारानी तरौरा वाली का है। चौत्र नवरात्रों में मंदिर में नौ दिनों तक विशाल मेले का आयोजन होता है। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी भी सजग हैं। अस्थायी चौकी भी बनाई गई है। इस सबके बावजूद जिलाधिकारी मेधा रूपम और एसपी अंकिता शर्मा ने शुक्रवार की दोपहर को चामुंडा मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए पहुंचीं। डीएम, एसपी ने चामुंडा मंदिर के बाहर बनाई गई अस्थायी पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसक. र्मियों को ड्यूटी रजिस्टर से मिलान किया।मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगे पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी के दौरान आराम न फरमाएं। कोई भी पुलिसकर्मी मोबाइल चलाता हुआ न मिले। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मंदिर के पुजारी अनेक पाल से कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को लाइन में लगकर ही दर्शन कराए जाएं। मंदिर परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। मंदिर में भीड़ को लेकर एसपी अंकिता शर्मा ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। अस्थायी चौकी के अलावा सादी वर्दी में महिला और पुरुष कर्मियों की भी तैनाती है। वे लगातार मेले में नजर बनाए हुए हैं।



## कासगंज के गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में नवादा गांव पर दो बाइक की आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

कासगंज के गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र में नवादा गांव पर दो बाइक की आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुजावलपुर निवासी जमील (50) जुमे की नमाज के लिए दोपहर साढ़े बारह बजे अपनी दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान खेड़ा, बंदायू निवासी नंद किशोर (28) की तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा ले गई। चिकित्सकों ने जमील को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल नंद किशोर को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मृतक जमील तीन बेटियों के पिता थे। उनकी बेटियों की उम्र 25, 17 और 10 वर्ष है, जिनमें सबसे छोटी बेटी दिव्यांग है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

## एटा के जैथरा थाना पुलिस ने गैंगरेप के मुख्य आरोपी आशिफ पुत्र जेबुल को दरियागंज तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया

एटा के जैथरा थाना पुलिस ने गैंगरेप के मुख्य आरोपी आशिफ पुत्र जेबुल को दरियागंज तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।जब पीड़िता की चाची ने जैथरा कोतवाली में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, एक किशोरी जब खेत में शौच के लिए गई थी, तब गांव के ही तीन युवकों ने उसे खींचकर सामूहिक दुष्कर्म किया और फरार हो गए।एटा के एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अलीगंज के सीओ सुधांशु शेखर को आरोपियों की गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा। थाना प्रभारी जैथरा शंभू नाथ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने जगह–जगह दबिश देकर मुखबिर के नेटवर्क का उपयोग किया।गिरफ्तारी में थाना प्रभारी शंभू नाथ सिंह, उप निरीक्षक संदीप कुमार राणा, हेड कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल मोहित कुमार की टीम शामिल रही। पुलिस अभी भी दो अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## एटा के जलेसर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया

एटा के जलेसर थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मैनपुरी के करहल क्षेत्र निवासी आकाश पुत्र बत्ती सिंह के रूप में हुई है।जलेसर थाना क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी की जामा तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 350 ग्राम डायजापाम बरामद हुआ। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ आगरा, मैनपुरी और एटा जिलों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट के तहत मामले भी शामिल हैं।एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।इस गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शीशपाल सिंह और कांस्टेबल मनोज कुमार, मनीष कुमार व शीशपाल की टीम शामिल रही।